सार-समाचार

दुर्गा पूजा महोत्सव में सजे मां दरबार

सीकर, (निसं)। शारदीय नवरात्रा के आगमन पर अंचल में उत्साह छाया हुआ है। लोग श्रद्धा और उल्लास के साथ मां दुर्गा की आराधना कर रहे है। शक्ति की अधिष्ठात्रि मां दुर्गा के 9 रूपों की घट स्थापना कर पूजा अर्चना की जा रही हैए घरों के साथ सीकर शहर में दो दर्जन से अधिक स्थानों पर सार्वजनिक दुर्गा पूजा महोत्सव के आयोजन भी शुरू हो गये है। सीकर के सुभाष चौक, शीतला चौक, डोलियो का बास, माधोगंज, रामलीला मैदान, मोचीवाड़ा, हरिजन बस्ती, अंबेडकर नगर, आनंद नगर, कृषि मंडी एवं शेखपुरा मोहल्ल के पास रामदास बगीची पास सहित अन्य स्थानों पर सार्वजनिक दुर्गा पूजा महोत्सव के लिए पांडालों में विधि विधान के साथ मां दुर्गा की प्रतिमाएं संतो और पंडितों के सानिध्य में स्थापित की गई। कई स्थानों पर सार्वजनिक दुर्गा पूजा महोत्सव में प्रतिमाएं स्थापित करने के दौरान जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहें। शीतला चौक में लोहार्गल पीठाधीष्वर अवधेषाचार्य महाराज के सानिध्य में दुर्गा प्रतिमा स्थापित की गई।वहीं डोलियों का बास में दुर्गा पूजा आयोजन कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ, इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्र की महिलाएं कलष लेकर के पाण्डाल पहुंची, जिसके बाद मंत्रोच्चारण के बीच दुर्गा प्रतिमा की स्थापना की गई। इस दौरान रमेश जलधारी सहित अनेक लोग मौजूद रहे। वहीं माधोगंज दुर्गा पूजा में पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी ने शिरकत की। यहां पर विद्वान पंडितों की ओर से शुभ मुहूर्त में दुर्गा पूजा शुरू हुईए प्रथम दिन महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। इसके साथ ही सुभाष चौक में कलष यात्रा के साथ दुर्गा पूजा का आयोजन शुरू हुआ, इस दौरान लोहार्गल पीठाधीष्वर अवधेषाचार्य महाराज, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष महेश शर्मा, समाजसेवी पन्नालाल सारड़ा, संयोजक राधेश्याम पारीक सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन आरती में शामिल हुए।

यशिका खण्डेलवाल का किया स्वागत

तारानगर, (निसं)। बाड़मेर में आयोजित स्टेट वुशु चैम्पियनशिप में एडवोकेट रवि खण्डेलवाल की पुत्री यशिका खण्डेलवाल ने गोल्ड मैडल जीत कर जिले का नाम रोशन किया । कोच चिंकित शर्मा ने बताया कि अंडर 17 वर्ष व भार 52 किलोग्राम में यशिका खण्डेलवाल ने यह उपलब्धि हासिल की । यशिका के तारानगर पहूंचने पर चूरू तिराहे पर कस्बेवासियों ने ढोल नगाड़ो के साथ आतिशबाजी कर जीत का जश्न मनाया । इस अवसर पर पूर्व विधानसभा प्रत्यासी राकेश जांगिड़, भाजपा मण्डल अध्यक्ष विशाल शर्मा, मण्डल उपाध्यक्ष एडवोकेट अनूप खण्डेलवाल, शिवकुमार शर्मा, मोहम्मद तैयब, सुनील सगतानी, मानसिंह सैनी, नरेश झाझड़िया, कुन्दन सैनी, केएल स्वामी, हरी इन्दौरिया, जेके दायमा, कन्हैयालाल चोटिया, मोहम्मद सलीम, पवन शर्मा, ओपी अग्रवाल, मोहम्मद आदिल, मो.शाहरूख, अनुज शर्मा, सुनील सरावगी, विशाल शर्मा, निखिल खण्डेलवाल, पुनीत राहड़, एडवोकेट अनिल खण्डेलवाल, पंकज जांगिड़ सहित काफी संख्या में कस्बेवासी इस खुशी में शामिल हुए । इस अवसर पर यशिका के दादा शिवभगवान शर्मा ने बताया कि कोच चिकिंत शर्मा द्वारा दिये गये कठिन प्रशिक्षण के बाद यशिका ने राजस्थान स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया, यशिका अब आगे गोवा में आयोजित होने वाली नेशनल चैम्पियनशिप में भाग लेगी जिसके लिये वो कोच चिकिंत शर्मा के निर्देशन में अभ्यासरत है ।

फोटो जर्नलिस्ट के साथ अभद्र व्यवहार

चूरू, (कास)। चूरू में कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने आज कवरेज कर रहे एक फोटो जर्नलिस्ट के साथ अपने कक्ष में अभद्र व्यवहार किया और कवरेज से रोककर बाहर भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार ओम कॉलोनी रेलवे फाटक पर हो रही समस्या का समाधान करवाने हेतु नागरिकों का एक प्रतिनिधि मंडल कलेक्टर को ज्ञापन देने गया था। इस दौरान कवरेज करने फोटो पत्रकार भी गए। कलेक्टर ने सभी हद पार करते हुए फोटो पत्रकार को वीडियो बनाने से मना कर दिया जब फोटो खींची तो एक बार फिर फोटो खींचने से मना कर दिया और कहा कि बाहर जाओ। कलेक्टर ने फोटो जर्नलिस्ट को और भी कई बातें कहीं बताई। इसकी सूचना पत्रकारों को मिलने पर कलेक्टर द्वारा फोटो जर्नलिस्ट के साथ की गई असभ्यता की कड़े शब्दों में निंदा की।

शोभायात्रा का विभिन्न मार्गों में पुष्प वर्षा से किया स्वागत

- अग्रसेन शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से निकली

झुंझुनूं, (निसं)। अग्रसेन जयंती महोत्सव के दौरान गुरुवार को महाराजा अग्रसेन शोभायात्रा का आयोजन संयोजक आशीष तुलस्यान एवं सुप्रिया जालान के संयोजन में प्रायोजक चौथमल सुनील कुमार पाटोदिया परिवार फर्म अभिनंदन के सौजन्य से किया गया।

महाराजा अग्रसेन शोभायात्रा श्री झाबरमल जी की टीबड़ेवाला हवेली गांधी चौक से शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए अग्रसेनभवन तक पहुंची। शोभायात्रा का आयोजन बैंड बाजा एवं रथ के साथ हुआ। जिसमें अग्रवाल समाज के न केवल युवा बल्कि बड़े-बुजूर्गों के साथ महिलाएं भी शामिल हुई। जिन्होंने महाराजा अग्रसेन जी के दुपट्टे पहनकर महाराजा अग्रसेन जी के ध्वज ले रखे थे। शोभा यात्रा में अग्रसेन जी की जीवंत झांकी सजाई गई। जिसका शहर में विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा कर पुष्प हार पहनाकर स्वागत किया गया। शोभायात्रा का शहर के विभिन्न मार्गों में पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया एवं श्री गल्ला व्यापार संघ, श्री वस्त्र व्यापार संघ, शिवकुमार नारायण प्रसाद जालान, चबूतरा चौक पर अंबिका क्रिएशन, नेहरू मार्केट में पाटोदिया परिवार फर्म अभिनंदन की ओर से शीतल पेय एवं जलपान की व्यवस्था भी की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रायोजक परिवार के प्रदीप पाटोदिया एवं संगीता पाटोदिया, समिति पदाधिकारी एवं गणमान्य जन की उपस्थिति में किया गया।

अग्रसेन भवन झुंझुनूं में शोभायात्रा के समापन पर अठा प्रसाद का आयोजन संयोजक अशोक तुलस्यान के संयोजन में प्रायोजक गोपीचंद गाडिया परिवार के सौजन्य से आयोजित अग्र प्रसाद में उपस्थित अग्रवाल परिवारों ने भाग लिया। इससे पूर्व अग्रवाल समाज समिति पदाधिकारियों द्वारा प्रायोजक प्रदीप पाटोदिया एवं संगीता पाटोदिया का स्वागत माल्यार्पण के साथ किया गया। इस अवसर पर प्रायोजक परिवार के प्रदीप पाटोदिया, समिति अध्यक्ष संपत्त चुडैलेवाला, सचिव शिवचरण हलवाई, कोषाध्यक्ष राजेश केजड़ीवाल, जयंती महोत्सव के मुख्य संयोजक रघुनाथ पोद्दार, डॉ. डीएन तुलस्यान, अजीत राणासरिया, कैलाशचंद्र सिंघानिया, गणेश हलवाई चिड़ावावाला, परमेश्वर हलवाई, श्रवण गोयनका, जुगलकिशोर मोदी, अनिल राणासरिया, आनंद टीबड़ा, विपिन राणासरिया, नारायण प्रसाद जालान, राजकुमार तुलस्यान, विश्वनाथ टीबड़ा, विनोद गोयनका, रोहिताश्व बंसल, डूंगरमल भुकानिया, सुरेंद्र केडिया, रमाकांत हलवाई, सुनील खेतान, सीताराम केडिया, आशीष तुलस्यान, सुप्रिया जालान, सपना राणासरिया, संतोष जालान, संगीता गुप्ता, निर्मला ढंढारिया एवं संगीता पाटोदिया सहित अन्य अग्र बंधु सपरिवार बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

सड़क पर पानी डलवाने के दिए निर्देश

खेतड़ी, (निस)। खेतड़ी उपखंड के करमाड़ी में टूटी सड़क पर ओवरलोड डंपरों के संचालन से उड़ने वाली धूल से परेशान ग्रामीणों ने आंदोलन की चेतावनी दी थी। जिसके बाद हरकत में आई पुलिस ने मामले की गंभीरता से देखते हुए लीजधारकों को नियमित पानी के टैंकर सड़क पर डलवाने के निर्देश दिए गए है। पुलिस, लीजधारकों व ग्रामीणों के बीच दूसरे दौर की बैठक का आयोजन करमाड़ी बस स्टैंड पर किया गया। इस दौरान पुलिस की मध्यस्थता में हुई बैठक में सहमति बन पाई है। ग्रामीणों ने बताया कि करमाड़ी से संजयनगर जाने वाली सड़क खनन क्षेत्र से डंपरों का संचालन होने के कारण पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। सड़क सेउडने वाली मिट्टी धूल भरे गुब्बारो से आमजन, ग्रामीण व दुकानदार परेशान हो रहे हैं। सड़क का निर्माण होने तक पानी का छिड़काव करने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया था। ग्रामीणों ने बताया कि समस्या को लेकर प्रशासन को काफी बार पहले भी अवगत करवा चुके हैं, लेकिन स्थाई समाधान नहीं निकल रहा है। पहले भी काफी बार चक्काजाम किया जा चुका हैं। उसके परिणाम स्वरुप पानी तो क्रेशर खान संचालक डलवा देते थे, लेकिन अब काफी समय से अब नहीं डलवा रहे है।

विकास आल्हा बने भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष

- झुंझुनूं विधानसभा उप चुनाव में आसपा के साथ मिलकर देंगे कड़ी टक्कर : विकास आल्हा
- 'जिले में बहुजनों के ऊपर आए दिन होने वाले अत्याचारों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा'

झुंझुनूं, (निसं)।भीम आर्मी भारत एकता मिशन के राष्ट्रीय प्रमुख व सांसद एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद, राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रतन सिंह, प्रदेश प्रभारी अनिल धेनवाल एवं भीम आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र हटवाल की सहमति से भीम आर्मी भारत एकता मिशन का झुंझुनूं जिले का जिलाध्यक्ष बगड़ कस्बे के विकास आल्हा को मनोनीत किया गया है।

इस अवसर पर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष विकास आल्हा ने बताया कि उन्हें संगठन के द्वारा जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली है। उसे वे पूरी ईमानदारी से निभाएंगे और जिले में भीम आर्मी को मजबूत बनाकर हमेशा बहुजनों की शोषितों की, पीड़ितों की आवाज को बुलंद करेंगे और बहुजन समाज की सेवा में हमेशा तैयार मिलेंगे। नगीना सांसद चंद्रशेखर रावण के नक्शे कदम पर चलते हुए कार्य करेंगे। जिले में बहुजनों के ऊपर आए दिन होने वाले अत्याचारों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और संविधान के दायरे में रहकर उनकी आवाज को बुलंद किया जाएगा।

जिले में नई भीम आर्मी भारत एकता मिशन की कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। जिसमें युवा साथियों को मिशन में जोड़कर जिले की कार्यकारिणी बनाई जाएगी। विकास आल्हा पूर्व में नगर मंडल अध्यक्ष बगड़, जिला सचिव, जिला ब्लॉक अध्यक्ष पद पर रहकर सामाजिक कार्य मे अहम भूमिका निभा चुके हैं। जिसके चलते भीम आर्मी जिला अध्यक्ष के पद पर नियुक्त उनको किया गया।

जिलाध्यक्ष बनने पर अंबेडकर भवन झुंझुनूं में माला पहनाकर स्वागत किया एवं बहुजन समाज के मौजिज लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान अंबेडकर वेलफेयर सोसाइटी के संरक्षक महावीर सानेल, सेवानिवृत्त अतिरिक्त महानिदेशक डॉ. हीरालाल रसकरण, एसी एसटी निवारण समिति जिलाध्यक्ष सेवानिवृत डिप्टी निरंजन प्रसाद आल्हा, पिलानी विधानसभा प्रत्याशी रामस्वरूप सिंह, सूरजगढ़ विधानसभा प्रत्याशी शकुन जिलोवा, एएसपी जिला अध्यक्ष प्रदीप चंदेल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष बगड़ सतवीर बरवड़, नगर पालिका पूर्व उपाध्यक्ष रामलाल चंदेलिया, रविंद्र गर्वा उप सरपंच, राकेश उप सरपंच, भीम आर्मी पूर्व अध्यक्ष गोविंद, अंसार, रोहित, रवि, पार्षद शुभकरण बरवड़, पार्षद सुभाष बुंदेला, महेंद्र सिंह चारावास, डॉ. सुरेश शिला, विकास मेघवाल, दिनेश बड़ागांव, माली सैनी समाज संस्था झुंझुनूं के मीडिया प्रभारी नरेश सैनी, भजनलाल, बलबीर, आजाद बुडाना, सुनील, अजय, लोकेश, नरोत्तम, शीशराम सिलोलिया, आमीर खान, शुभकरण चिड़ावा, शाहरुख, बीएल बौद्ध, रोहितास, दुर्गा प्रसाद बौद्ध, पवन, कमलेश काला, सकील फौजी, प्रमोद, गजानंद, अरविंद सूनियां, विजयपाल, सुभाष बुनकर, मुकेश माहिच, प्रमोद, विशाल आल्हा, सुदर्शन, अजीत धनौरी, योगेश निर्मल, बंटी, इंद्राज बधाई दी।

सार-समाचार

निबंध प्रतियोगिता में हंसिका प्रथम

झुंझुनूं, (निसं)। राजस्थानी शिशु मंदिर सीसै स्कूल में एआई आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वरदान या अभिशाप विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में एसीआई उमावि की होनहार छात्रा हंसिका पुत्री विनोद कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में जिले भर की अनेक प्रतिष्ठित संस्थान के विद्यार्थियों ने भाग लिया था। संस्था निदेशक मनोज शर्मा व विकास शर्मा ने छात्रा की इस उपलब्धि पर विद्यालय पहुंचने पर छात्रा का माल्यार्पण, नकद प्रोत्साहन राशि एवं संस्थान प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया और छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही हिंदी प्राध्यापक अशोक जांगिड़, अध्यापक संदीप झाझड़िया व अध्यापिका प्रियंका शर्मा का भी धन्यावाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर फाउंडेशन हैड विजय सैनी, सुनिल कुमार, दिनेश वर्मा, अशोक जांगिड़, राधेश्याम शर्मा, नरेंद्र कुमावत, धर्मेंद्र नागर, जयप्रकाश शर्मा, महेंद्र सिंह, दिनेश आचार्य, संदीप झाझड़िया, दिवेंक शर्मा, नरेश कुमार, आशा शर्मा, प्रियंका शर्मा, सरोज, निशा शर्मा, सुमन चौहान, वैशाली, ऐश्वर्या स्वामी, सरिता कुमारी, ऋतिका बहुगुणा, पूनम जांगिड़, दिव्या रोहिला, पूनम शर्मा, राकेश, हेमंत जांगिड़, शिवकुमार पालीवाल, रमेश मील उपस्थित थे।

महाराजा अग्रसेन की जयंती मनाई

उदयपुरवाटी, (निसं)। 3 घूमचक्कर के निकट महाराजा अठासेन की जयंती संजय सैनी की अध्यक्षता में मनाई गई । उपस्थित जनों ने महाराजा अग्रसेन के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर एडवोकेट मोतीलाल सैनी ने कहा कि महाराजा अग्रसेन एक महान युगपुरुष एवं समाजवाद के प्रवर्तक थे, उन्होंने उनके नगर में बाहर से आकर बसने वाले प्रत्येक परिवार की सहायता के लिए नगर में निवास करने वाले प्रत्येक परिवार द्वारा उसे एक सिक्का एवं एक ईंट देने की प्रथा की शुरुआत की थी। महाराजा अग्रसेन प्रजावत्सल राजा था, उनके द्वारा मानव जीवन के लिए अनेक जनोपयोगी कार्य किए गए थे। महाराजा अठासेन बचपन से ही हिंसा विरोधी व सभी जीवों से प्रेम एवं स्नेह रखते थे ।

सात नाबालिग सहित 22 गिरफ्तार

सुजानगढ़, (निसं)।ॅकोतवाली पुलिस ने बाइकर्स गैंग के सात नाबालिगों सहित कुल 22 जनों को पकडा है। थाना प्रभारी धर्मेन्द्र मीणा ने बताया कि तेज गति से बाइक चलाने पर सात नाबालिगों को पकडने के साथ ही एक स्कूटी एवं चार मोटरसाइकिलों को जप्त किया है। नाबालिगों के परिजनों को बुलाकर समझाइश की गई है और उन्हे भविष्य में इस तरह की पुनरावृति नहीं हो, इसकी हिदायत दी गई। इसके अलावा एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत सुमेर भार्गव पुत्र मालाराम भार्गव निवासी हनुमान धोरा, प्रेमचंद पुत्र मानाराम नायक निवासी चांद बास, चांद पुत्र इशाक लीलगर निवासी धिंगाणिया बास, मो.मुंशी पुत्र साहबुद्दीन लीलगर धिंगाणिया बास, हडमान पुत्र गोविन्दराम रैगर निवासी रैगर बस्ती, असलम पुत्र बाबूलाल लीलगर निवासी नया बास सुजानगढ को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया। इनके अलावा 9 जनों को पूछताछ करने के बाद पाबंद किया गया। एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत कार्यवाही करने वाली टीम में थाना प्रभारी धर्मेन्द्र मीणा, एएसआई तेजाराम, हैड कांस्टेबल जगदीश प्रसाद, प्रेमाराम, दिलीप सिंह, कांस्टेबल राकेश कुमार, महेश कुमार, सुरेन्द्र, वेदप्रकाश, अजमल के साथ आरएसी के जवान शामिल रहे।

रामलीला का मंचन आज से

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी, (निसं)। रामलीला समिति द्वारा शारदीय नवरात्रि में आयोजित होने वाली दस दिवसीय रामलीला 4 अक्टूबर से होगी। यह जानकारी देते हुए समिति के प्रवक्ता गुमान चेजारा ने बताया नगर के रामलीला मैदान में 4 अक्टूबर शुक्रवार रात्रि 9:00 बजे से नारद मोह से रावण अत्याचार की लीला से दस दिवसीय रामलीला का शुभारम्भ किया जायेगा। उन्होंने बताया कि रामलीला के मंचन में रावण हनुमान संवाद, लक्ष्मण परशुराम संवाद, दशरथ कैकई संवाद, लक्ष्मण सीता संवाद, रावण अंगद संवाद, रावण सीता संवाद के साथ आतिशबाजी रंगबिरंगी डिजिटल रौशनी,साउंड सिस्टम,हास्य प्रस्तुति एवं संगीत चोपाई मुख्य आकर्षण रहेगी। दिनाक 12 अक्तूबर को दशहरे के दिन शाम 5:00 बजे विशाल 30 फुट के रावण के पुतले का दहन किया जाएगा।

कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय)
देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अधीन नोटिस समस्त संबंधित व्यक्तियों को
(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)

मुकदमा नंबर 28/2024

चूंकि प्रार्थी श्री ऋषभ शर्मा पुत्र स्व.श्री कालुराम जी शर्मा निवासी बी.4ए, विजय पथ, गणेश नगर बी. न्यू सांगानेर रोड़, सोढ़ाला जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अन्तर्गत प्रन्यास श्री जानकीनाथ बड़ा मंदिर ट्रस्ट, ग्राम रेवासा, तहसील ढांतारामगढ़, जिला सीकर के विधान में संशोधन का इंद्राज करने बाबत हुए परिवर्तन को दर्ज अभिलेख कराने हेतु जांच किये जाने के लिए प्रपत्र-8 में आवेदन-पत्र दिया है। अतएव धारा 23 में प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास में हुवे परिवर्तन/संशोधन जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से तीस दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध में आपत्तियां, यदि कोई हो तो प्रस्तुत करे। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई, तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा। आज दिनांक 01.10.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहन के अधीन जारी किया गया है।

आहन्दा तारीख पेश 06.11.2024

सहायक आयुक्त (द्वितीय)
देवस्थान विभाग, जयपुर

भाजपा जिला पदाधिकारी के घर चोरी

चिड़ावा, (निसं)। शहर के डालमिया खेलकूद मैदान के पास रात को चोरों ने भाजपा युवा मोर्चा के जिला कार्यालय मंत्री राजू मराठा उर्फ वैभव माने के सूने घर के ताले तोड़कर लाखों के जेवर चुरा लिए। मामले को लेकर राजू मराठा ने थाने में रिपोर्ट दी है, जिसमें बताया कि वह खेल मैदान के पास किराए में मकान में रहता है।

बीती रात को घर के सदस्य भिवानी में एक कार्यक्रम गए हुए थे। सुबह पड़ोसी ने सूचना दी कि घर का गेट खुला हुआ है। तब राजू ने कहा कि वो तो चिड़ावा नहीं है। उसने दोस्त को वीडियो कॉल कर घर में अंदर जाने के लिए कहा और अंदर देखा तो कमरे में सामान बिखरा मिला। चोरों ने घर के ताले तोड़कर करीब दस लाख का सामान चुरा लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी।

खेतड़ी को जिला बनाने की मांग

खेतड़ी, (निस)। खेतड़ी कस्बे के मुख्य बाजार स्थित रघुनाथ गौशाला परिसर में गुरुवार को खेतड़ी को जिला बनाने के लिए एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में खेतड़ी के लोगों ने खेतड़ी को जिला बनाने के लिए फिर से हुंकार भरी। इस दौरान बैठक में सभी ने एक राय होकर जिला बनाने के लिए आंदोलन को तेज करने पर जोर दिया।

बैठक में धर्मेंद्र सिंह तोमर ने कहा किखेतड़ी कोजिलानहींबनाए जाने से क्षेत्र के लोगों के लिए व्यापार में भी काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। वहीं आवश्यक संसाधनों का अभाव होने से खेतड़ी लगातार विकास की गति में पिछड़ रहा है। खेतड़ी वर्तमान समय मेंजिलाबनने की सभी शर्तें पूरी करने के बावजूद भी सरकार की ओर से अनदेखी की जा रही है। जब सरकार की ओर से नगर पालिका व उप तहसील जैसे क्षेत्रों कोजिलाबनादिया ऐसे में खेतड़ी कोजिलानहींबनाए जाने से खेतड़ी की जनता को गहरा आघात लगा हुआ है। ऐतिहासिक व भौगोलिक दृष्टि से देखा जाए तो खेतड़ी पूरे विश्व में अपनी एक अलग पहचान रखता है। खेतड़ी के राजा अजीत सिंह ने स्वामी विवेकानंद को शिकागो के धर्म सम्मेलन में भेज कर सनातन धर्म के प्रचार को लेकर महत्वपूर्ण कदम उठाया था, जिसकी वजह से खेतड़ी की पूरे विश्व में अपनी अलग पहचान बनी हुई है। उन्होंने बताया कि यदिजिलाबनाने को लेकर सरकार ने जल्द ही कोई प्रभावी निर्णय नहीं लिया गया तो खेतड़ी क्षेत्र के ग्रामीणों की ओर से बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा।

इस अवसर पर दिनेश कुमार सोनगरा, मोहनलाल सैनी, धर्मेंद्र सिंह तोमर, पवन शर्मा, दुर्गा प्रसाद सैनी, शिवराम भार्गव, नागरमल सैनी, सुरेंद्र कुमार सैनी, सुमेर सिंह शेखावत, लक्ष्मीकांत शर्मा, ओम नारायण शर्मा, प्रहलाद कुमार, रामस्वरूप, विश्वनाथ शर्मा, लालाराम, अनिल सैनी, नरेंद्र शर्मा, गोपाल राम सैनी, मनोज कुमार भार्गव, विनोद कुमार स्वामी, कुंदन लाल सैनी सहित अनेक लोग मौजूद थे।

प्रश्न मंच में दिखा उत्साह, सही जवाब देने वालों को मिला पुरस्कार

झुंझुनूं, (निसं)। अग्रसेन जयंती महोत्सव के दौरान बुधवार को रात्रि सात बजे से समाज के सभी वर्गों के लिए प्रश्न मंच का आयोजन मुख्य अतिथि विभा खेतान संयुक्त रजिस्ट्रार कोऑपरेटिव झुंझुनूं एवं चुरू एवं कार्यक्रम अध्यक्ष महाराजा अग्रसेन शिक्षण एवं जन कल्याण ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं सचिव श्रवण केजड़ीवाल, प्रश्न मंच कार्यक्रम के प्रायोजक राजकुमार सिंघानिया एवं अग्र प्रसाद के प्रायोजक नवीन केजड़ीवाल के सानिध्य में संयोजक गौरव तुलस्यान एवं अमन अग्रवाल के संयोजन में राजकुमार विनोद कुमार सिंघानिया फर्म श्री श्याम टैक्सटाइल के सौजन्य से किया गया।

प्रश्न मंच कार्यक्रम का सुंदर संचालन कर रहे रहे हरिश तुलस्यान द्वारा सभी तरह के ज्ञानवर्धक विषयों पर पूछे गए 50 प्रश्नों के सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। प्रश्न मंच के पश्चात रात्रि में अठा प्रसाद का आयोजन संयोजक अशोक तुलस्यान के संयोजन में प्रायोजक ममता नवीन केजड़ीवाल परिवार के सौजन्य से किया गया। प्रश्न मंच कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों, प्रायोजकों एवं समिति अध्यक्ष संपत चुडैलेवाला एवं सचिव शिवचरण हलवाई द्वारा महाराजा अठासेन जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। अतिथियों एवं प्रायोजको का स्वागत समिति की ओर से माल्यार्पण के साथ कर उन्हें प्रतीक चिह्न भेंट किए गए। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष संपत्त चुडैलेवाला, मंत्री शिवचरण हलवाई, कोषाध्यक्ष राजेश केजड़ीवाल, मुख्य संयोजक रघुनाथ पोद्दार, उप मंत्री अनिल केजड़ीवाल, डॉ. डीएन तुलस्यान, अजीत राणासरिया, गौरव तुलस्यान, अमन अठावाल, अशोक तुलस्यान, विनोद कुमार सिंघानिया, रितेश सिंघानिया, विशाल सिंघानिया, तन्मय तुलस्यान, नवल खंडेलिया, दिनेशचंद्र अठावाल, कैलाशचंद्र सिंघानिया सहित बड़ी संख्या में अग्रवाल समाज के पदाधिकारी मौजूद रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत नोरंगपुरा
पंचायत समिति राजगढ़ (चूरू)

क्रमांकः-ग्राम.प/निविदा/2024-25/81-84 दिनांकः-23.09.2024

निविदा सूचना 07/2024-25

राजकीय विभागों में पंजीकृत संवेदकों से निम्नांकित निर्माण कार्य करवाने के लिए ग्राम पंचायत मुख्यालय पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण तथा शर्तें www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है। निविदा दिनांक 04.10.2024 प्रातः 10.00 बजे से 12.00 बजे तक बेची जाकर उसी दिन 02.00 बजे तक प्राप्त कर सांय 04.00 बजे खोली जावेगी।

संलग्न :- निविदा सूचना 07/2024-25
NIB No-ZCR2425A0460
UBN No-1. ZCR2425WSOB00936
2.ZCR2425WSOB00937
3.ZCR2425WSOB00938
4.ZCR2425WSOB00939
5.ZCR2425WSOB00940

सरपंच
ग्राम पंचायत नौरंगपुरा
पंचायत समिति राजगढ़ (चूरू)